आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 बुधवार 15.04.2026

मुख्य समाचारः—

1— राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया।

2— नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए कल से संसद का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा।

3— मुख्यमंत्री ने आज प्रदेश की नवगठित पांच सौ पंद्रह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों—पैक्स का वर्चुअल शुभारंभ किया।

4— प्रदेश के निजी स्कूलों में निः"ाुल्क प्रवे"ा के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आज लॉटरी निकाली गई।

मंत्रिपरिषद निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कदम उठाते हुए इसके प्रारूप तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति विभिन्न वर्गों से सुझाव लेकर प्रारूप तैयार करेगी, जिसे बाद में विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा।

बैठक में महिलाओं को संपत्ति अर्जन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके नाम पर होने वाले भूमि पंजीयन शुल्क में पचास प्रतिशत की कमी करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं को पच्चीस लाख रुपये तक की संपत्ति खरीद पर स्टाम्प शुल्क में पच्चीस प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

मंत्रिपरिषद ने पशुओं के टीकाकरण के लिए आवश्यक टीकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक एजेंसी से सीधे खरीद की अनुमति भी दी गई है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए कल सोलह अप्रैल से संसद का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस सत्र के दौरान लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी अधिनियम पारित किया जाएगा।

"नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के तहत आज रायपुर में नारी शक्ति सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के अधिकार में लिया गया इक्कीसवीं सदी का यह सबसे बड़ा निर्णय है।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय से प्रदेश की नवगठित पांच सौ पंद्रह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों—पैक्स का वर्चुअल शुभारंभ किया। नई समितियों के शुरू होने से अब प्रदेश में सहकारी समितियों की संख्या बढ़कर दो हजार पांच सौ तिहत्तर हो गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पैक्स समितियां बहुउद्देश्यीय सोसायटी के रूप में कार्य करेंगी, जिससे किसानों को खाद, बीज और अल्पकालीन ऋण जैसी सुविधाएं उनके

गांव के पास ही उपलब्ध होंगी। साथ ही धान बेचने की प्रक्रिया भी आसान होगी और किसान अपनी नजदीकी समिति में ही धान बेच सकेंगे। उन्होंने बताया कि नवगठित पांच सौ पंद्रह समितियों में से एक सौ संतानवे समितियां आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित की गई हैं, जिससे दूरदराज के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

जनगणना 2027

जनगणना–दो हजार सत्ताईस के तहत छत्तीसगढ़ में कल सोलह से तीस अप्रैल तक स्व–गणना का कार्य किया जाएगा। इसके तहत कोई भी नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व–गणना करने वाले परिवारों को स्व–गणना आईडी दी जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी होगा और इसे प्रगणकों को देना होगा।

वहीं, प्रदेश में एक से तीस मई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके माध्यम से आवासीय और गैर–आवासीय भवन, मकान की स्थिति, उपयोग और उपलब्ध सुविधाओं से जानकारी एकत्र की जाएगी। इस दौरान आम नागरिकों से तैंतीस सवाल पूछे जाएंगे।

मतदाता सूची–प्रारंभिक प्रकाशन

प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के उपनिर्वाचन के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर संबंधित क्षेत्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय निर्धारित किए गए हैं, जहां मतदाता सूची का अवलोकन किया जा सकता है। नागरिक अपने नाम जुड़वाने या सुधार के लिए बीस अप्रैल तक दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्रों पर आवेदन जमा करने की व्यवस्था की गई है।

पावर प्लांट–दुर्घटना–01

सक्ती जिले के सिंघीतराई गांव स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए हादसे में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर सत्रह हो गई है। वहीं, उन्नीस से ज्यादा मजदूर झुलस गए हैं, जिनमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई हैं। एसडीआरएफ की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्लांट के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा है कि इस हादसे में घायल लोगों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये देने की घोषणा की है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी मृतक के परिवार को पांच–पांच लाख और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और बिलासपुर संभाग के आयुक्त को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है।

वहीं, सक्ती के कलेक्टर ने इस घटना की जांच के लिए डभरा के अनुविभागीय दंडाधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। वे तीस दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

पावर प्लांट–दुर्घटना–02

इस बीच, प्लांट प्रबंधन ने मृतकों के परिजनों को पैंतीस लाख रुपये और एक आश्रित को नौकरी देने की घोषणा की है। घायलों को पंद्रह लाख रुपये और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की भी बात कही गई है।

इस घटना की जांच के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दस सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को समिति का संयोजक बनाया गया है।

गौरतलब है कि कल दोपहर वेदांता पावर प्लांट के बॉयलर ट्यूब में अचानक ब्लास्ट होने से चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद घायल मजदूरों को रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर रेफर किया गया था।

आरटीई–प्रवेश प्रक्रिया

प्रदेश में शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत लॉटरी निकाली गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में प्रवेश प्रक्रिया का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव भी मौजूद थे।

पहले चरण में निकाली गई लॉटरी के माध्यम से चौदह हजार चार सौ तीन बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। हालांकि, इनमें मुख्यमंत्री डी.ए.व्ही. स्कूलों की सीटें शामिल नहीं हैं। इन स्कूलों में ऑफलाइन लॉटरी निकालकर इसकी जानकारी आरटीई पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। आज निकाली गई लॉटरी प्रक्रिया में सबसे ज्यादा सीटें दो हजार छह सौ छह रायपुर जिले की और सबसे कम नौ सीटें सुकमा जिले की रही।

आरटीई के तहत पहले चरण में राज्य के निजी स्कूलों में कक्षा पहली में एक से तीस मई तक प्रवेश की प्रक्रिया होगी। वहीं, प्रवेश के दूसरे चरण की प्रक्रिया आठ जून से सत्रह अगस्त तक होगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–साड़ी गुणवत्ता

प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को वितरित साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर मामले की जांच तेज कर दी गई है। विभाग ने खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड को साड़ियों की पुनः गुणवत्ता जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जांच में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जहां निम्न गुणवत्ता की साड़ियां वितरित हुई हैं, वहां नई साड़ियां उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ में गर्मी बढ़ने के साथ ही अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना जताई है। आज रायपुर का अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छब्बीस डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम विभाग ने उन्नीस अप्रैल तक प्रदेश में एक–दो स्थानों पर लू जैसे हालात बनने की संभावना जताई है।

संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइट – सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट इन और सीबीएसई रिजल्ट्स डॉट एनआईसी डॉट इन पर देख सकते हैं।

– धमतरी जिले में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से छप्पन ग्राम हेरोइन जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग ग्यारह लाख रुपये आंकी गई है।